# मेरी बिगड़ी बनाने वाला एक तू है | Mukesh Bagda

मेरी बिगड़ी बनाने वाला
मेरी किस्मत जगाने वाला
एक तू है, एक तू है, एक तू ही तो है
ओ श्याम ........

तेरे सिवा श्याम मैं तो किसी को ना जानू
दिन और रात मैं तो गुण तेरे गाऊं
मुझे अपना समझने वाला
मुझे गले से लगाने वाला
एक तू है, एक तू है, एक तू ही तो है
ओ श्याम ........

तेरी दया से मेरा चलता गुज़ारा
जब भी दुखो ने घेरा तुमको पुकारा
मेरे दुखड़े मिटाने वाला
आनंद बरसाने वाला
एक तू है, एक तू है, एक तू ही तो है
ओ श्याम ........

अब तक निभाया है तो आगे भी निभाना
बीच मझधार में तू छोड़ मत जाना
मेरी नैया चलाने वाला
रामा का तू ही रखवाला
एक तू है, एक तू है, एक तू ही तो है
ओ श्याम ........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%bf%e0%a4%97%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%8f%e0%a4%95-2/